आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 30.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर है। अब से कुछ ही देर पहले वे प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। उनका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात का कार्यक्रम है।

........................

रोशनी के पर्व दीपोत्सव के तहत आज रूप चतुर्दशी मनाई जा रही है। इसे नरक चतुर्दशी और काली चतुर्दशी और छोटी दीपावली भी कहा जाता है। रूप चतुर्दशी पर तेल उबटन लगा सौंदर्य निखारने की परम्परा है। वहीं यम देव की पूजा अर्चना की जाती है और शाम को लक्ष्मी गणेश का आह्वान कर दीपमाला सजायी जाती है। रूप चतुर्दशी पर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं। भरतपुर सहित विभिन्न स्थानों पर जलाशयों और सरोवरों में स्नान कर श्रद्धालु धन धान्य और सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। इससे पहले कल धन तेरस का पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया। लोगों ने सोने चांदी के सिक्के, गहने, बर्तनों और इलेक्ट्रोनिक्स तथा अन्य सामान की खरीदारी की। पुष्कर स्थित ब्रम्हा मंदिर स्थित कुबेर मंदिर के पट खोले गए, जहां बडी संख्या में देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। बालोतरा के खेड गांव में भगवान रणछोड राय का मंदिर दीयो के उल्लास से जगमग है। प्रदेशभर के मंदिरों, बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दीपावली के पर्व पर अनूठी रंगत नजर आ रही हैं। रंग बिरंगी झालरों और लाईटों के साथ ही अलग–अलग थीम पर सजावट की गई है। कई स्थानों पर परम्परागत रंगोली और मांडणे आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। जैसलमेर में लोकदेवता बाबा रामदेव के दरबार को विभिन्न प्रकार के फूलो से सजाया गया हैं। सीमा सुरक्षा बल की ओर से सीमा प्रहरियों और उनके परिवारों के लिए दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। सवाईमाधोपुर के रणथम्भोर राष्ट्रीय उद्यान में दीपोत्सव मनाने बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पहुंचे है। दीपोत्सव के देखते हुए जयपुर शहर में आज से 2 नवंबर तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जयपुर में दीपावली के अवसर पर गोविंद देवजी मंदिर के पट खुले रहेंगे। राजधानी के सभी बाजार रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे है। इन्हें अयोध्या सहित विभिन्न थीम पर सजाया गया है। वहीं एमआई रोड़ की सजावट में राइजिंग राजस्थान समिट की थीम नजर आ रही है।

........................

राज्य सरकार ने सीकर बस हादसे में मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से पांच–पांच लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से ये जानकारी देते हुए बतायाकि गंभीर रूप से घायलों को 50–50 हजार रूपये और अन्य जख्मियों को 20–20 हजार रूपये की मदद दी जायेगी। गौरतलब है कि जिले के लक्ष्मणगढ़ में कल यात्रियों से भरी एक निजी बस के पुलिया से टकराने से बस में सवार 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

........................

झालावाड की कालीसिंध थर्मल परियोजना की दूसरी इकाई में तकनीकी ख़राबी के कारण बिजली उत्पादन ठप्प हो गया है। पहली इकाई भी रखरखाव की कारण कुछ दिनों से बन्द है और अब दूसरी इकाई भी बन्द हो जाने से 1200 मेगावाट का विद्युत उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

........................

प्रदेश में तापमान में उतार–चढाव का दौर जारी है। कई शहरो में तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में 6 शहरों में दिन का पारा करीब 40 डिग्री सैल्सियस के आसपास रिकॉर्ड हुआ। वहीं नौ शहरों में रात का पारा 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। राजधानी जयपुर में दिन के तापमान में 1 दशमलव 7 और रात के तापमान में मामूली बढोतरी रही। तेज धूप के कारण दिन में हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है।

........................

ट्रेडिंग योजनाओ के जरिये आम लोगों से धोखाधड़ी के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड–सेबी ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें धोखाधड़ी व्यवहारों की पहचान और निवेशकों के लिए स्पष्टीकरण देकर निवेशकों से ऑनलाइन ट्रेडिंग कोर्स, सेमिनार और शेयर बाजार में मेंटरशिप प्रोग्राम के जरिए लुभाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

साइबर क्राइम के पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमलोगों में साइबर अपराधो के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य मे लगातार प्रयास किये जा रहे है।

........................